नवभारत
www.navbharatlive.com

# नए छात्र नेताओं की नियुक्ति

## केंद्रीय विद्यालय कैंप का उपाधि ग्रहण समारोह

■ **पुलगांव (सं).** केन्द्रीय विद्यालय पुलगांव कैंप ने अपना उपाधि ग्रहण समारोह आयोजित किया. जिसमें विभिन्न पदों के लिए नए छात्र नेताओं की नियुक्ति की गई. यह समारोह प्रधानाचार्य सुनील परदेशी द्वारा पारंपरिक दीप प्रज्वलित करने के साथ प्रारंभ हुआ. शैलेन्द्र कुशवाह द्वारा सरस्वती वंदना की गई. मास्टर आर्यमान सुराना, स्कूल कैप्टन, छात्र परिषद के सभी सदस्य ने नेतृत्व, जिम्मेदारी, अपने सहपाठियों की सेवा के मूल्यों को बनाए रखने की शपथ ली. विद्यालय का उद्देश्य छात्रों को जिम्मेदार, गतिशील व्यक्तियों में विकसित करना है. जो अपने समुदायों में सकारात्मक प्रभाव डाल सकें. उपाधि ग्रहण समारोह इस दृष्टिकोण की ओर एक कदम है. जो छात्रों को नेतृत्व के पदों पर कार्य करने का अवसर प्रदान करता है. उन्हें विद्यालय, उससे बाहर बदलाव लाने के लिए सशक्त करता हैं. नवनियुक्त नेताओं में स्कूल कैप्टन



बॉयज़ आर्यमान सुराना, स्कूल कैप्टन गर्ल्स प्राची बिस्वाल, स्कूल वाईस कैप्टन बॉयज़-सूर्यादित्य दखोले, स्कूल वाइस कैप्टन गर्ल्स श्रेया परदेशी और विभिन्न कैप्टन, वाईस कैप्टन, प्रिफेक्ट्स और अन्य पदों पर नियुक्त छात्र शामिल हैं. यह सभी मिलकर विद्यालय के मूल्यों और हितों को बढ़ावा देंगे. इस समारोह के साथ, केनद्रिय विद्यालय कैंप अपने छात्रों में नेतृत्व और उत्कृष्टता को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता की पुनः पुष्टि करता है. कार्यक्रम को सफल बनाने में विजय पडोले, अमोल भंडक्कर, शिक्षकों का योगदान रहा. समारोह का समापन अतुल ठाकरे द्वारा आभार मानकर किया.

Wardha Plus Edition
Sep 08, 2025 Page No. 2
Powered by: navbharatlive.com